# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस को किया सम्बोधित : विभाग को जवानों के लिये कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश।
2. भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन : मुख्यमंत्री ने कहा– संविदा और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी उपलब्ध करायेगी सरकार।
3. केन्द्र सरकार ने इंडिगा को किरायों का लंबित भुगतान जारी करने के दिय निर्देश : कहा– भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी होने पर की जाएगी तत्काल कार्रवाई।

और

4. काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के पांचवें दिन हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन : तमिलनाडु से आये लेखकों के समूह ने किये काशी विश्वनाथ के दर्शन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स के 63वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होमगाड संगठन अब सिर्फ पुलिस के सहायक के रूप में ही कार्यरत नहीं है बल्कि वह यातायात संचालन, चुनाव ड्यूटी, आपदा नियंत्रण जैसे मौकों पर भी सेवाएं दे रहा है। मुख्यमंत्री ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजे। श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार होमगाड्र्स के कल्याण के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। और इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। बाइट...

*होमगार्ड के जवानों के कल्याण के लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। वर्तमान में हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 2,19,000 पुलिस कार्मिकों की भर्ती की प्रक्रिया को अब तक पूरा किया है और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि वर्तमान में हम लोग 45,000 होमगार्ड के जवानों की भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं और इसमें हम लोगों ने इस बात को प्राथमिकता दी है। जिस जनपद का निवासी है, उस जनपद में उसकी भर्ती हो। आपदा प्रबंधन की उसकी ट्रेनिंग हो। आपदा  ट्रेनिंग के साथ फर्स्ट रिस्पॉन्ड पर्सन के रूप में होमगार्ड का जवान वहां जाकर के लोगों को राहत देने में अपना योगदान देगा और इसको लेकर के आज उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।*

———————————

आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धाजंलि देने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहें हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने अथक परिश्रम और चुनौतियों का सामना कर अति पिछड़ों और वंचितों को सम्मानजनक जीवन तथा अवसर उपलब्ध कराये हैं। भारत के संविधान शिल्पी के रूप में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाओं से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार वंचितों के उत्थान के लिए कई अभियान चला रही हैं। बाइट...

*बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने जब भारत का संविधान बनाया था, भारत के संविधान के शिल्पी के रूप में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया था। तीन महत्वपूर्ण शब्द उसकी प्रस्तावना में रखे थे। वह था न्याय, स्वाधीनता यानी समता और बंधुता अगर आप देखेंगे मोदी जी ने सबका साथ और सबके विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ हर गरीब को, हर वंचित को, हर दलित को, हर पिछड़े को, हर महिला को, हर युवा को प्राप्त हो हो सके, इसके लिए देश के अंदर जो कार्यक्रम अभियान प्रारंभ किए, वह आज आप सबके सामने है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगामी एक दो महीने के अंदर चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों

को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी मुहैया करायेगी। श्री योगी ने कहा कि जिन स्थानों पर बाबा साहब की मूर्तियां लगी हैं वहां बाउंड्रीवॉल बनाकर मूर्तियों की सुरक्षा का प्रबंध किया जायेगा। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर स्मृति सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता आराधना मिश्रा मोना और सांसद तनुज पुनिया ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके ऐतिहासिक योगदान पर चर्चा की। बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ में भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्वमंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर के संघर्ष और दूरदर्शिता ने भारत को आधुनिक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनके विचार सदैव समता आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा देते रहेंगे। जौनपुर और मुजफ्फरनगर सहित कई जनपदों में भी बाबा साहब को याद किया गया।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयर लाइनों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क न लें जिनकी यात्राएं विमान रद्द होने के कारण प्रभावित हुई हैं। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच लोगों को नवीनतम उड़ान स्थिति के लिए आधिकारिक वेबसाइट www-newdelhiairport-in देखने की सलाह भी दी गई है। कुछ एयरलाइनों द्वारा बहुत अधिक हवाई किराए वसूले जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को निर्देश जारी कर अब निर्धारित किराया सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया है।

——————————

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण का आज पांचवां दिन है। इस क्रम में तमिलनाडु से आया दूसरा और

तीसरा दल आज काशी के विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहा है। एक रिपोर्ट....

*काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक संबंधों के भव्य उत्सव के चौथे संस्करण की मेजबानी करने  का कार्यक्रम काशी तमिल संगमम 4 काशी में लगातार जारी है अब तक तमिलनाडु से तीन दल  काशी आ चुके हैं। जिसमें प्रथम दल ने अपने इस दौरे को पूरा भी कर लिया है। दूसरा और तीसरा दल काशी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर रहा है तीसरे दल के रूप में काशी आए लेखकों  ने आज बाबा विश्वनाथ दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के पश्चात कॉरिडोर का भ्रमण किया और अन्य क्षेत्र में प्रसाद भी ग्रहण किया अपने काशी आगमन पर तमिलनाडु से आए तीनों दल  अभिभूत है यहां की परंपराओं के साथ–साथ इसकी पौराणिकता और ऐतिहासिकता उनको मंत्र मुग्ध कर रही है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय और आईआईटी–मद्रास शैक्षणिक साझेदार हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंधों को नया आयाम दे रहे हैं। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

———————————

**प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम तेजी से जारी है। गोरखपुर में एसआईआर के बारे में जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीना ने बताया कि लोग ऑनलाइन पोर्टल से घर बैठे गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2003 की मतदाता सूची भी इसी पोर्टल पर मौजूद है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है वह फार्म 6 भी भरें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। बाइट...**

*ईसीआई नेट करके आपकी ऐप है जो आप Android और eryc iPhone जो भी है Apple पर दोनों पर चलती है। आप उसको इंस्टॉल करेंगे तो उस पर सारी सुविधाएं हैं। उस पर सुविधाएं eryc आप सबसे पहले इंस्टॉल करके उसको*

*खोलेंगे तो सबसे पहला ऑप्शन ही आपको पॉपअप मेन्यू में दिखाता है कि आप अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरना चाहते हैं या नहीं। उसमें दूसरा लिस्ट में दिखाता है कि आप अपना नाम 2003 की सूची में ढूंढ सकते हैं।*

उधर पीलीभीत के पूरनपुर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने एसआईआर का काम समय से पूरा करने के लिए सभासदों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि जिले में एसआईआर की प्रगति काफी अच्छी है।

—————————

पीलीभीत जिले में शारदा नदी के धनारा घाट पर तीन किलोमीटर से अधिक लम्बे पुल का निर्माण जारी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्र ने निर्माण कार्य का जायजा लेने के बाद कहा कि इस पुल के बन जाने से ट्रांस शारदा इलाके की डेढ़ लाख से ज्यादा की आबादी को आवागमन की सुविधा हो जायेगी और लोग पड़ोसी देश नेपाल तक आसानी से पहुंच सकेंगे। पूरनपुर–खजुरिया रोड पर निर्माणाधीन इस पुल पर तीन सौ करोड़ रूपये खर्च होंगे।

—————————

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग दिसम्बर–जनवरी माह में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक भर्ती परीक्षा का आयोजन करेगा। इस परीक्षा के जरिए 15 विषयों में सात हजार चार सौ छाछठ पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है।

——————————

देवरिया जिले में सांसद खेल स्पर्धा के क्रम में बैतालपुर नगर पंचायत क्षेत्र में मिनी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय सांसद शशांकमणि त्रिपाठी ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन खेल नीतियों से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी प्रभावी मंच मिल रहा है।

——————————